**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 640**
**09 दिसंबर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**कैंसर के मामलों में वृद्धि**

**640. श्री देवेन्द्र सिंह भोले:**
**श्री निहाल चन्द चौहान:**
**श्री जी. एम. सिद्देवर:**
**श्री विष्णु दयाल राम:**
**श्री दुष्यंत सिंह:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को देश में विशेषकर उत्तर प्रदेश में कैंसर के बढ़ते मामलों की जानकारी है;

(ख) इस वर्ष सूचित किए गए मामलों की संख्या कितनी है और इसकी तुलना में सूचित मृत्यु दर, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितनी है;

(ग) क्या राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल 2019 की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान राज्य में कैंसर के मामलों में 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का अनुसंधान संस्थानों सहित कैंसर अस्पताल स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ड) राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम द्वारा कवर किए गए लोगों/मरीजों की संख्या का ब्यौरा क्या है और विशेषकर राजस्थान में उपशामक देखभाल प्राप्त करने वाले रोगियों की संख्या की तुलना में इसकी आवश्यकता वाले रोगियों की संख्या कितनी है;

(च) जनसंख्या आधारित कैंसर रजिस्ट्रियां (पीसीबीआर) के दायरे को बढ़ाने और देश भर में कैंसर की घटनाओं और प्रकारों के बारे में सटीक जानकारी का पता लगाने हेतु ग्रामीण आधारित और अधिक पीसीबीआर करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है; और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (ग): भारतीय आयुर्विज्ञान और अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर)- राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम (एनसीआरपी) के अनुसार, वर्ष 2020 से 2022 के दौरान देश में कैंसर के मामलों और मृत्यु दर की अनुमानित संख्या, राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार अनुलग्नक । में संलग्न है। (तालिका 1 और तालिका 2)। राजस्थान में वर्ष 2018 से 2019 तक कैंसर के मामलों की अनुमानित घटनाओं में 1.9% प्रतिशत की वृद्धि

हुई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफ़ाइल 2019 के अनुसार कैंसर के मामलों की रिपोर्टिंग में वृद्धि हुई है और सबसे सामान्य कैंसर में मौखिक, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर शामिल हैं।

(घ): केन्द्र सरकार कैंसर की विशिष्ट परिचर्या के लिए सुविधा केंद्रों को बढ़ाने के लिए कैंसर की विशिष्ट परिचर्या सुदृढ़ीकरण स्कीम को भी कार्यान्वित कर रही है। उक्त योजना के अंतर्गत अब तक 19 राज्य कैंसर संस्थानों (एससीआई) और 20 विशिष्ट परिचर्या कैंसर केन्द्रों (टीसीसीसी) को अनुमोदित किया गया है। विवरण अनुलग्नक II में संलग्न हैं। झज्जर (हरियाणा) में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान की स्थापना और चित्तरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, कोलकाता का दूसरा परिसर भी देश में कैंसर के उपचार की क्षमता बढ़ाने की ओर कदम हैं।

(ङ): भारतीय आयुर्विज्ञान और अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम रिपोर्ट, 2020 के अनुसार, 28 जनसंख्या आधारित कैंसर रजिस्ट्री (पीबीसीआर) में वर्ष भर में 100887 कैंसर के मामले दर्ज किए गए। कुल मिलाकर, जनसंख्या आधारित कैंसर रजिस्ट्रियां वर्तमान में भारत की आबादी का 16.4% (198.3 मिलियन) कवर करती हैं। राजस्थान राज्य में उपशामक परिचर्या प्राप्त करने वाले कैंसर रोगियों से संबंधित आंकड़े इस प्रकार हैं:

| **वर्ष** | **उपशामक परिचर्या प्राप्त करने वाले रोगियों की संख्या** |
|---|---|
| 2018-19 | 7709 |
| 2019-20 | 3700 |
| 2020-21 | 6040 |
| 2021-22 | 5815 |

(च) और (छ): देश में भारतीय आयुर्विज्ञान और अनुसंधान परिषद – राष्ट्रीय रोग सूचना और अनुसंधान केंद्र (आईसीएमआर-एनसीडीआईआर) आवश्यकतानुसार पीबीसीआर नेटवर्क के विस्तार की दिशा में काम कर रहा है।

अनुलग्नक I

**तालिका 1: भारत में विभिन्न राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों में कैंसर मामलों की अनुमानित संख्या सभी स्थल- (आईसीडी10: सी00-सी97) - (2020-2022)- स्त्री-पुरुष दोनों**

| राज्य | 2020 | 2021 | 2022 |
|---|---|---|---|
| जम्मू और कश्मीर | 12726 | 13060 | 13395 |
| लद्दाख | 286 | 294 | 302 |
| हिमाचल प्रदेश | 8799 | 8978 | 9164 |
| पंजाब | 38636 | 39521 | 40435 |
| चंडीगढ़ | 1024 | 1053 | 1088 |
| उत्तरांचल | 11482 | 11779 | 12065 |
| हरियाणा | 29219 | 30015 | 30851 |
| दिल्ली | 25178 | 25969 | 26735 |
| राजस्थान | 70987 | 72825 | 74725 |
| उत्तर प्रदेश | 201319 | 206088 | 210958 |
| बिहार | 103711 | 106435 | 109274 |
| सिक्किम | 445 | 465 | 496 |
| अरुणाचल प्रदेश | 1035 | 1064 | 1087 |
| नगालैंड | 1768 | 1805 | 1854 |
| मणिपुर | 1899 | 2022 | 2097 |
| मिजोरम | 1837 | 1919 | 1985 |
| त्रिपुरा | 2574 | 2623 | 2715 |
| मेघालय | 2879 | 2943 | 3025 |
| असम | 37880 | 38834 | 39787 |
| पश्चिम बंगाल | 108394 | 110972 | 113581 |
| झारखंड | 33961 | 34910 | 35860 |
| ओड़िशा | 50692 | 51829 | 52960 |
| छत्तीसगढ | 27828 | 28529 | 29253 |
| मध्य प्रदेश | 77888 | 79871 | 81901 |
| गुजरात | 69660 | 71507 | 73382 |
| दमन | 124 | 135 | 150 |
| दादरा और नगर हवेली | 206 | 219 | 238 |
| महाराष्ट्र | 116121 | 118906 | 121717 |
| तेलंगाना | 47620 | 48775 | 49983 |
| आंध्र प्रदेश | 70424 | 71970 | 73536 |
| कर्नाटक | 85968 | 88126 | 90349 |
| गोवा | 1618 | 1652 | 1700 |
| लक्षद्वीप | 27 | 28 | 28 |
| केरल | 57155 | 58139 | 59143 |
| तमिलनाडु | 88866 | 91184 | 93536 |
| पुदुच्चेरी | 1577 | 1623 | 1679 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 366 | 380 | 393 |

**संदर्भ: राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम, आईसीएमआर**

**तालिका 2: भारत में विभिन्न राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों की कैंसर की अनुमानित मृत्युदर सभी स्थल- (आईसीडी10: सी00-सी97)-(2020-2022)- स्त्री-पुरुष दोनों**

| राज्य | 2020 | 2021 | 2022 |
|---|---|---|---|
| जम्मू और कश्मीर | 7027 | 7211 | 7396 |
| लद्दाख | 162 | 166 | 171 |
| हिमाचल प्रदेश | 4856 | 4953 | 5058 |
| पंजाब | 22276 | 22786 | 23301 |
| चंडीगढ़ | 564 | 582 | 598 |
| उत्तरांचल | 6337 | 6500 | 6655 |
| हरियाणा | 16109 | 16543 | 16997 |
| दिल्ली | 14057 | 14494 | 14917 |
| राजस्थान | 39111 | 40117 | 41167 |
| उत्तर प्रदेश | 111491 | 114128 | 116818 |
| बिहार | 57531 | 59043 | 60629 |
| सिक्किम | 276 | 288 | 308 |
| अरुणाचल प्रदेश | 635 | 655 | 670 |
| नगालैंड | 1008 | 1029 | 1060 |
| मणिपुर | 1105 | 1175 | 1220 |
| मिजोरम | 1183 | 1231 | 1271 |
| त्रिपुरा | 1571 | 1600 | 1651 |
| मेघालय | 1887 | 1928 | 1980 |
| असम | 22824 | 23395 | 23974 |
| पश्चिम बंगाल | 59786 | 61213 | 62652 |
| झारखंड | 18716 | 19241 | 19766 |
| ओड़िशा | 28024 | 28656 | 29287 |
| छत्तीसगढ | 15279 | 15666 | 16057 |
| मध्य प्रदेश | 42966 | 44056 | 45176 |
| गुजरात | 38306 | 39328 | 40356 |
| दमन | 66 | 70 | 77 |
| दादरा और नगर हवेली | 109 | 117 | 128 |
| महाराष्ट्र | 63797 | 65326 | 66879 |
| तेलंगाना | 26038 | 26681 | 27339 |
| आंध्र प्रदेश | 38582 | 39443 | 40307 |
| कर्नाटक | 47113 | 48290 | 49516 |
| गोवा | 893 | 909 | 932 |
| लक्षद्वीप | 13 | 14 | 14 |
| केरल | 31166 | 31713 | 32271 |
| तमिलनाडु | 48314 | 49571 | 50841 |
| पुदुच्चेरी | 852 | 879 | 905 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 200 | 205 | 214 |

**संदर्भ: राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम, आईसीएमआर**

**एनपीसीडीसीएस के तहत टीसीसी/एससीआई संस्थानों की सूची**

| क्र. सं. | राज्य | संस्थान का नाम | एससीआई/ टीसीसीसी |
|---|---|---|---|
| 1 | कर्नाटक | किदवई मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी (आरसीसी), बेंगलुरु | एससीआई |
| 2 | | मांड्या इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साईंसेज़, मांड्या | टीसीसीसी |
| 3 | केरल | गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, कोझीकोड | टीसीसीसी |
| 4 | | क्षेत्रीय कैंसर केंद्र, तिरुवनंतपुरम | एससीआई |
| 5 | त्रिपुरा | कैंसर अस्पताल (आरसीसी), अगरतला | एससीआई |
| 6 | गुजरात | गुजरात कैंसर अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद | एससीआई |
| 7 | पश्चिम बंगाल राज्य | गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, बर्दवान | टीसीसीसी |
| 8 | | मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल, बरहामपुर, मुर्शिदाबाद | टीसीसीसी |
| 9 | | सगोर दत्ता मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, कोलकाता | टीसीसीसी |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान, श्रीनगर | एससीआई |
| 11 | | गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, जम्मू | एससीआई |
| 12 | तमिलनाडु | कैंसर संस्थान (आरसीसी), अड्यार, चैन्नई | एससीआई |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, शिमला | टीसीसीसी |
| 14 | | श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज, मण्डी | टीसीसीसी |
| 15 | बिहार | इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना | एससीआई |
| 16 | मिजोरम | सिविल अस्पताल, आईजोल | टीसीसीसी |
| 17 | उत्तर प्रदेश | संजय गांधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंसेज़, लखनऊ | टीसीसीसी |
| 18 | राजस्थान | एस पी मेडिकल कॉलेज, बिकानेर | टीसीसीसी |
| 19 | | एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर | एससीआई |
| 20 | | झालावाड़ मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, झालावाड़ | टीसीसीसी |
| 21 | तेलंगाना | एमएनजे इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी एंड आरसीसी, हैदराबाद | एससीआई |
| 22 | पंजाब | गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, अमृतसर | एससीआई |
| 23 | | सिविल अस्पताल, फाजिल्का | टीसीसीसी |
| 24 | दिल्ली | लोक नायक अस्पताल | टीसीसीसी |
| 25 | उड़ीसा | आचार्य हरिहर क्षेत्रीय कैंसर केंद्र, कटक | एससीआई |
| 26 | नागालैंड | जिला अस्पताल, कोहिमा | टीसीसीसी |
| 27 | हरियाणा | सिविल अस्पताल, अंबाला छावनी | टीसीसीसी |
| 28 | महाराष्ट्र | राष्ट्रसंत टुकडोजी क्षेत्रीय कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, नागपुर | टीसीसीसी |
| 29 | | गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, औरंगाबाद | एससीआई |
| 30 | | विवेकानंद फाउंडेशन एंड रिसर्च सेंटर, लातूर | टीसीसीसी |
| 31 | असम | गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, गुवाहाटी | एससीआई |
| 32 | मध्य प्रदेश | नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर | एससीआई |
| 33 | | जी.आर. मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर | टीसीसीसी |
| 34 | झारखंड | राजेंद्र इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साईंसेज़, रांची | एससीआई |
| 35 | आंध्र प्रदेश | कुरनूल मेडिकल कॉलेज, कुरनूल | एससीआई |
| 36 | गोवा | गोवा मेडिकल कॉलेज, पणजी | टीसीसीसी |
| 37 | सिक्किम | मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, सोचीगैंग (सिची), गंगटोक के पास, सिक्किम | टीसीसीसी |
| 38 | छत्तीसगढ | छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर | एससीआई |
| 39 | उत्तराखंड | गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी | एससीआई |

******